Regarding Mahananda River Basin

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : सर, मैं किशनगंज से आता हूं । बिहार मोस्ट डेन्सिली पॉपुलेटेड एरिया है । यहां हर साल बाढ़ के कारण लाखों लोगों की तबाही होती है और हमारी हजारों एकड़ भूमि कट जाती है । ऐसा नेपाल और बंगाल से पानी आने से होता है । मेरी जल संसाधन मंत्रालय से रिक्वेस्ट है कि यह जो प्रपोज्ड कोशी-मेची लिंक है, इसको न बनाएं ।

सर, दूसरी बात यह है कि जमीन और गांव बचाने के लिए बोल्डर पिचिंग हो या कंक्रीट वॉल दी जाए तथा फ्लो को फैलने से रोकने के लिए इसकी ड्रेजिंग की जाए, ताकि इससे लाखों लोगों को फायदा हो ।

माननीय सभापति **:** कम शब्दों में पूरी बात कही जा सकती है ।